>

Title: Need to develop tourist places in Madhya Pradesh.

श्री राकेश सिंह (जबलपुर): महोदय, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। आज लगभग पूरा विश्व बेरोजगारी और आर्थिक संकट से गुजर रहा है। एक तरफ जहां पूरे विश्व में आबादी बढ़ रही है, वहीं दूसरी तरफ चाहे कृषि का क्षेत्र हो या औद्योगीकरण हो, रोजगार उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। ऐसे में आवश्यकता इस बात की है कि रोजगार के अवसर भी मिलें और देश में समृद्धि भी आए। पर्यटन इस समय एक ऐसे विषय के रूप में सामने आ रहा है, जहां समृद्धि के साथ-साथ रोजगार भी लोगों को बड़ी संख्या में मिलेगा।

मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस बात की तरफ आकृष्ट करना चाहता हूं कि हमारे देश में पर्यटन को ले कर असीम सम्भावनाएं हैं। मैं मध्य प्रदेश से चुन कर आता हूं। मध्य प्रदेश का जबलपुर जहां पर मार्बल राक्स हैं, जहां विश्व एकमात्र प्रसिद्ध संगमरमर की चट्टानें यहां मिलती हैं। बहुत ही दर्शनीय ऐतिहासिक स्थल हैं। इसके आस-पास कान्हा, बांधवगढ़, अमरकंटक, चित्रकूट आदि कई स्थान हैं और इन सबका केन्द्र जबलपुर है। रानी दुर्गावती का समाधि स्थल भी वहीं पर है। मैं सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि मेरे आग्रह पर मध्य प्रदेश सरकार ने ऐसे पर्यटन क्षेत्रों के विकास के लिए, उनके उन्नयन के लिए एक प्रस्ताव बना कर केन्द्र सरकार के पास भेजा है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि शीघ्र ही उसे स्वीकृति प्रदान करें, ताकि ऐसे पर्यटन क्षेत्रों का विकास हो, उनका उन्नयन हो, जिससे कि उस क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के साथ-साथ समृद्धि के अवसर भी मिलें। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए अपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री गणेश सिंह : महोदय, मैं अपने को इस विषय से सम्बद्ध करता हूं।